>

Title : Change of immigration laws resulting in Indians being stranded in Spain.

श्री रवनीत सिंह (आनंदपुर साहिब): अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान केन्द्रित कराना चाहता हूं कि स्पेन में हमारे तीन से चार हजार जो नौजवान हैं, वे वहां फंसे हुए हैं। स्पेन ने अपने इम्मीग्रेशन लॉ में कुछ चेंज किया है। पहले तो जो वहां पर इम्मीग्रेशन मिलता था, वह स्टेट पुलिस या डिस्ट्रिक्ट पुलिस जो सर्टिफिकेट भेजती थी, उसके आधार पर इम्मीग्रेशन मिल जाता था, लेकिन अब उन्होंने जो लॉ चेंज किया है, उसमें वे एक्सटर्नल अफेयर्स मिनिस्ट्री से क्लियरेंस चाहते हैं, जो हमारी सरकार अभी नहीं दे रही है।

पिछले साल भी जो हमारे नौजवान थे, वे इम्मीग्रेशन के बगैर रह गये और हमारे 3-4 हजार लड़के डिपोर्ट हो गये। पाकिस्तान और मोरक्को जैसे देशों ने उनको क्लियरेंस दे दी और उनको सिटीज़नशिप मिल गई। लेकिन भारत की सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है। कुछ ही दिनों में स्पेन में उन लड़कों को पकड़ लिया जायेगा और डिपोर्ट करके हिन्दुस्तान वापस भेज दिया जायेगा।

इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से अपील करता हूं कि उन लड़कों के लिए सोचना चाहिए और मिनिस्ट्री ऑफ एक्सटर्नल अफेयर्स मिनिस्ट्री को उन्हें प्लीज़ सर्टिफिकेट देना चाहिए, नहीं ता वे उनको पकड़कर वापस हिन्दुस्तान में भेज देंगे। वे गरीब परिवारों के लड़के हैं, आप जान सकते हैं कि अगर उनको वापस डिपोर्ट कर दिया तो उनके परिवारों का और उनका क्या हाल होगा। मैं आपके माध्यम से सरकार से एक बार फिर अपील करता हूं कि उनके ऊपर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। धन्यवाद।